# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका

## जून 2020




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# अमृत मिशन फेस टू के तहत 10 उच्चस्तरीय जलागार के निर्माण पूर्ण होने के पश्चात की जा रही है टेस्टिंग

भिलाईनगर/ अमृत मिशन फेस टू के अंतर्गत 10 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है लॉक डाउन में भी अमृत मिशन के कार्य को करने के लिए स्थानीय श्रमिकों ने बेहतर योगदान दिया है जिसकी बदौलत कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य इस विकट परिस्थिति में पूर्ण किया जा चुका है! 10 उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण पश्चात की जा रही है टेस्टिंग अमृत मिशन योजना के तहत 12 उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया जाना है जिसमें से 10 का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिसकी टेस्टिंग की जा रही है, लॉक डाउन के दौरान खमरिया एवं कुरूद की पानी टंकी का निर्माण कार्य स्थानीय श्रमिकों के द्वारा किया जाता रहा है और 85% तक पूरा किया जा चुका है! पैनल में आ चुकी है विद्युत आपूर्ति 66 एमएलडी फिल्टर प्लांट में विद्युत की आपूर्ति के लिए सब स्टेशन स्थापित किया जा चुका है! जिसमें दो लोवर ट्रांसफार्मर एवं दो हायर ट्रांसफार्मर लगाया गया है, दोनों ही ट्रांसफार्मर से मोटर पंप को कनेक्ट किया जा चुका है! विद्युत आपूर्ति आने के बाद इसकी टेस्टिंग प्रक्रिया भी की जा चुकी है! लॉक डाउन में भी इंटरकनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य चलता रहा निरंतर लॉक डाउन के दौरान इंटरकनेक्शन एवं पाइप लाइन बिछाने का कार्य निगम के अधिकारियों के निर्देशन में किया जाता रहा है और इसी दरमियान हाउसिंग बोर्ड के पानी टंकी से जल प्रदाय शुरू भी किया जा चुका है! पाइपलाइन इंटरकनेक्शन का कार्य निगम के कई स्थानों पर चल रहा है!



# रंगीन लाईटो से जगमग हो रहा है फोरलेन, सौंदर्यीकरण की दिशा में निगम की पहल

भिलाईनगर। भिलाई निगम क्षेत्र में सौंदर्यीकरण को लेकर फोरलेन की सड़कों मे रंगीन लाईटे लगाई गई है। इससे रात्रि में चलने वाले मुसाफिरों को एक सुंदर नजारा मिल रहा है। विद्युत पोलों की पेंटिंग व जगमगाती रोशनी की लाइट लगने से नेहरू नगर से टोल प्लाजा तक रंगीन नजारा बिखरने लगा है। महापौर श्री देवेंद्र यादव व निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के प्रयासों से फोरलेन के बीचोबीच रंगीन लाईटे लगाई गई है। भिलाई निगम क्षेत्र कुछ हिस्सों में चौक-चौराहों सहित सड़कों को सुंदर बनाने के लिए नेशनल हाइवे के किनारे बिजली पोल को भी रंगीन किया जा रहा है। नेहरू नगर चौक से टोल प्लाजा तक सड़कों के बीचों बीच लग रहे लाईट से हाईवे की सड़क पर राहगीरों को रंगीन दृश्य दिख रहा है। जोन क्रमांक 01 के सहायक अभियंता सुनील दुबे ने बताया कि अभी पहले चरण में नेहरू नगर चौक से टोल प्लाजा तक कार्य किया जा रहा है, जिसकी लागत तकरीबन तीन लाख होगी। भिलाई निगम प्रशासन द्वारा फोरलेन पर रंगीन लाईट नेहरू नगर चौक से टोल प्लाजा तक लगाया जाना है, चूंकि पाॅवर हाउस से सुपेला चौक तक ओवरब्रिज निर्माण जारी होने की वजह से कुछ कार्यो को देर से शुरू किया जा सकता है या फिर नेहरू नगर क्षेत्र के अन्य प्रमुख स्थानों के लिए ऐसी योजना बनाई जा सकती है। नेहरू नगर चौक, भिलाई से दुर्ग की ओर एवं राजनांदगांव की ओर जाने वाले रास्ते पर स्थित एक प्रमुख चौराहा है, इस चौक से फ्लाईओवर भी गुजरा हुआ है जो बीएसपी क्षेत्र की ओर जाता है, फ्लाई ओवर में स्वच्छता संबंधी संदेश देने के लिए वॉल पेंटिंग की गई है, यहां से गुजरने वाले लोगों को यह पेंटिंग आकर्षित करता है और स्वच्छता अपनाने प्रेरित करता है!



## महापौर परिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर हुई चर्चा, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण पर बनी सहमति

भिलाईनगर/ महापौर परिषद की बैठक महापौर श्री देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रातः 11:30 बजे से आहूत महापौर परिषद की बैठक महापौर श्री देवेन्द्र यादव की अध्यक्षता एवं आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ! सोशल डिस्टेंस के पालन के तहत बैठक निगम सभागार में रखा गया ! जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 अंडा चौक के समीप इंग्लिश मीडियम स्मार्ट स्कूल निर्माण कार्य, जवाहर नगर स्थित रिक्त भूखंड स्कूल हेतु आवंटन, कोविड-19 के रोकथाम में संलग्न कर्मचारियों का बीमा कराने के संबंध में तथा छात्रावास भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन करते हुए नक्शा खसरा उपलब्ध कराने के संबंध में महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा चर्चा की गई! महापौर ने जताई नाराजगी महापौर श्री देवेंद्र यादव ने जोन आयुक्तों को स्पष्ट रूप से कहा बाहर से आने वालों की जानकारी से लेकर होम आइसोलेशन में रह रहे व्यक्तियों की निगरानी करने के कार्य को गंभीरता से लेवे और दिन में तीन से चार बार होम आइसोलेशन वाले व्यक्तियों की जानकारी लेते हुए कि कहीं वह बाहर तो नहीं निकल रहे हैं होम आइसोलेशन किए गए व्यक्तियों के द्वारा आइसोलेशन की निर्धारित अवधि पूर्ण किए बिना निकलने पर होगी एफ आई आर बाहर से आए हुए ऐसे व्यक्ति जिनके घरों में होम आइसोलेशन से संबंधित स्टीकर लगाया गया है और जो होम आइसोलेशन की निर्धारित अवधि पूर्ण किए बिना घरों से बाहर निकलेंगे उन पर सीधे जोन स्तर से एफआईआर कराई जाएगी, इसके लिए आयुक्त महोदय ने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया है!





# कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने गौठान परिसर में रोपित किए पौधे, रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशुपालकों से मिलकर की चर्चा

भिलाई नगर/ दुर्ग जिले के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती तुलसी साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अरुण सिंह सिसोदिया, महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल एवं लक्ष्मी पति राजू, अंकुश पिल्ले, जयंत देशमुख, केशव चौबे, मोहन गुप्ता, नामांकित पार्षद नरसिंह नाथ, शमशेर बहादुर, मोहम्मद सद्दाब आदि ने गौठान परिसर में 50 से अधिक पौधे नीम, गुलमोहर, बादाम, महागिनी, अमलतास आदि के रोपित किए!गौठान परिसर में सभी ने मिलकर पौष्टिक आहार के रूप में पशुओं को रोटी एवं गुड़ खिलाया!रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशुपालकों से मिलकर कलेक्टर ने की चर्चा, अभियान के बारे में दी जानकारी आज से प्रारंभ हुए रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पूरे निगम भिलाई क्षेत्र में पशुपालकों से संकल्प पत्र भराने का कार्य किया जा रहा है! इसी के तहत गौठान में भी पशुपालकों से संकल्प पत्र भराने का कार्य किया गया! कलेक्टर श्री भुरे ने पशुपालकों से चर्चा की! उन्होंने चर्चा के दौरान संकल्प अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि पालतू मवेशियों को अपने स्थान पर रखकर चारा, पानी की समुचित व्यवस्था, शहर की सड़कों में मवेशी आवारा न घूमें, पशु पालन से उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट के लिए कंपोस्टिंग हेतु पशुपालक के द्वारा स्वयं व्यवस्था करना अथवा सामूहिक व्यवस्था में सहभागिता निभाना इन सभी बातों के लिए संकल्प पत्र भराया जा रहा है!



## डेंगू के मच्छर को घेरकर सफाया करने निगम चला रहा है अभियान, संतोषी पारा में मच्छरों का खात्मा करने निगम ने झोंकी ताकत

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में कलेक्टर डॉक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर डेंगू उन्मूलन के तहत मच्छरों को घेरकर खात्मा करने के लिए भिलाई निगम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है! जिसके तहत निगम के अन्य जोन क्षेत्रों के स्वास्थ्य अधिकारी अपने अमले के साथ संतोषी पारा में डेंगू रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पहुंचे और निगम क्षेत्र की संपूर्ण फागिंग मशीन से संतोषी पारा के क्षेत्रों में पूरे एरिया को प्रारंभिक गलियों से घेरकर अंतिम छोर तक मच्छरों को नष्ट करने का कार्य किया! 22 हैंडसेट फागिंग मशीन, 6 मोटर व्हीकल माउंटेन से संतोषी पारा के पूरे क्षेत्र से किया गया मच्छरों का सफाया संतोषी पारा में मच्छरों के संपूर्ण सफाया के लिए विशेष अभियान के तहत गत दिन के शाम एवं आज प्रातः को 22 हैंडसेट फागिंग मशीन एवं 6 मोटर व्हीकल माउंटेन के माध्यम से संतोषी पारा क्षेत्र के शुरुआती मोहल्ले से अंत के मोहल्ले एवं घरों तक लगभग 4 घंटे धुआं छोड़ने का कार्य किया गया! संतोषी पारा के रामानंद किराना स्टोर, देवांगन गली, माता मंदिर लाइन, आदर्श हॉस्पिटल लाइन, केशव मेमोरियल स्कूल, चौहान आटा चक्की लाइन, पक्का कुंवा लाइन, यादव पारा, ठाकुर लाइन, हुडको क्वार्टर, डॉ निराला लाइन, गुप्ता लाइन, पुराना दारु भट्टी लाइन सहित संपूर्ण क्षेत्र में फागिंग कराई गई! डेंगू से निपटने दो अतिरिक्त गैंग तैनात डेंगू की नियंत्रण के तहत 75 स्वच्छता कर्मचारियों द्वारा संतोषी पारा में कार्य किया जा रहा है, इस वार्ड में अतिरिक्त रूप से स्वच्छता गैंग लगाया गया है जो विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं!



# आवारा पशुओं की हो रही धरपकड़, मौके पर पहुंचे 9 पशुपालकों से शुल्क लेकर छोड़ा गया, पशु मालिकों को बाहर न छोड़ने दी गई हिदायत

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई, क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ की जा रही है, साथ ही निगम का अमला रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत 612 पशु मालिकों से संकल्प पत्र भरा चुके हैं कि वे अपने मवेशी के चारा, पानी सहित समुचित व्यवस्था स्वंय करेंगे और पालतू मवेशियों को घर पर ही रखेंगे। पशुओं के धरपकड़ के दौरान 09 पशुपालक मौके पर पहुंचे जिनसे दाण्डिक शुल्क लेकर पशु को छोड़ा गया और हिदायत दी गई की पशुओं को खुले में न छोड़े। रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वंय करने, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करने, आसपास के खेतों में फसलों तथा उद्यानों में पालतू मवेशियों का प्रवेश रोकने हेतु तथा पशुपालन से उत्सर्जित होने वाले अपशिष्ट के लिए कंपोस्टिंग हेतु व्यवस्था करने भिलाई निगम क्षेत्र में संकल्प पत्र भराया जा रहा है। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए गठित दल के प्रभारी जोन 02 के एआरओ संजय वर्मा व जोन 04 के एआरओ बालकृष्ण नायडू ने बताया कि सड़क पर घूमने वाले आवारा मवेशियों को निगम का अमला पकड़ने की कार्यवाही कर रहा हैं, 19 जून से की जा रही कार्यवाही में निगम का अमला सड़क पर घुमने वालें 87 पशुओं को अब तक पकड़ चुके हैं। धरपकड़ के दौरान 09 पशु मालिकों के उपस्थित होने पर दाण्डिक शुल्क लेकर पशुओं को छोड़ा गया। भिलाई की सड़कों पर पालतू मवेशियों के घूमते हुए पाए जाने पर पशु पालकों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने दिए हैं।





# महापौर श्री देवेंद्र यादव एवं आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने संयुक्त रुप से ली निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा

भिलाईनगर/ महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली और भिलाई निगम क्षेत्र में सामाजिक व शासकीय भवनों, गार्डन, तालाब सौंदर्यीकरण और सीसी रोड जैसे स्वीकृति हो चुके अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू करने एवं प्रगतिरत कार्य को गुणवत्तापूर्वक करते हुए शीघ्र ही पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक महापौर श्री देवेंद्र यादव एवं आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने संयुक्त रूप से ली। भिलाई क्षेत्र के मुख्य सड़कों के किनारे रंगीन सजावटी लाइट लगाने के कार्य को विस्तार करते हुए सुपेला रोड से गदा चौक, नंदनी रोड से एसीसी चौक चौक तक भी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। निगम के सभागार में आयोजित बैठक में आयुक्त श्री रघुवंशी ने सभी जोन के आयुक्तों और विभागीय अधिकारियों से कहा कि वे अपने अपने क्षेत्रों में डेंगू, पीलिया जैसे बीमारियों से रोकथाम एवं विकास कार्य हेतु निगम के द्वारा कराए जा रहे कार्यों को लेकर प्रतिदिन वार्डवार सघन दौरा तथा निर्माण कार्य वाले स्थानों पर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का निरंतर निरीक्षण करते रहें। जिसकी लेटलतीफी करने पर श्री यादव ने एनयूएलएम की टीम के मिशन मैनेजर पर नाराजगी जाहिर की तथा प्रगति नगर मार्केट एवं अन्य योजनाओं को लेकर विस्तृत विवरण के साथ पृथक से बैठक करने के निर्देश दिए! सूअर पलकों पर होगी कार्यवाही बैठक में सूअर के आतंक को समाप्त करने पर चर्चा की गई इसके लिए सूअर पालकों की बैठक बुलाने के निर्देश दिए गए, सूअर पकड़ने के अभियान पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई, सूअर पालकों को समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने वाले पर अब कड़ी कार्यवाही की जाएगी!



## वर्ष 2020-21 के पूर्व के भवन/भूमियों के स्वामी की शास्ती माफ करने के प्रस्ताव

भिलाई नगर/ आज समय प्रातः 11:00 बजे आहूत की गई महापौर परिषद की बैठक में विभिन्न विषयों पर महापौर परिषद के सदस्यों ने चर्चा करते हुए बहुत अहम फैसले जनता के हित को ध्यान में रखते हुए लिए ! महापौर परिषद की बैठक महापौर श्री देवेंद्र यादव की अध्यक्षता एवं उपायुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में संपन्न हुआ! इससे पूर्व आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी की उपस्थिति में हुई समीक्षा बैठक में स्पैरो सॉ. प्रा. लि. के द्वारा यह संज्ञान में लाने पर की 17183 भवन/भूमियों के स्वामी जो वर्ष 2020-21 के पूर्व शास्ती अधिरोपित होने के वजह से तथा कोविड-19 के कारण आर्थिक स्थिति दयनीय होने का हवाला देकर जमा करने में असमर्थता व्यक्त कर रहे हैं तथा शास्ती राशि अधिरोपित न की जाए तो शेष राशि भुगतान कर सकते हैं! संपत्तिकर विभाग द्वारा लाए गए इस प्रकरण में निगम क्षेत्र अंतर्गत स्थित भवन/भूमि स्वामियों से उनके स्वामित्व के भवनों/भूमियों पर वित्तीय वर्ष 2020-21 के पूर्व के समस्त बकाया राशि जैसे संपत्तिकर, शिक्षा उपकर, समेकित कर, यूजर चार्ज एवं अधिभार की राशि का एकमुश्त भुगतान 30 नवंबर 2020 तक किया जाता है तो ऐसी दशा में ऐसे भवन/भूमि स्वामियों की शास्ती की राशि नियमों को शिथिल कर माफ की जा सकती है! इस प्रकरण पर महापौर परिषद के द्वारा चर्चा की गई और सर्वसम्मति से पास करते हुए शासन को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया, इस निर्णय के उपरांत निगम क्षेत्र के 17183 लोगों को लाभ मिलेगा! शास्ती अधिरोपित करने का प्रावधान उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उप धारा के अंतर्गत यदि ऐसा व्यक्ति जिसका दायित्व था कि वह 31 मार्च के पूर्व स्वनिर्धारण पत्रक प्रस्तुत करें, यदि यह पत्रक प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो उस पर चूक के लिए 1000 रुपए शास्ती अधिरोपित किए जाने का प्रावधान है!

**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

**नगर पालिक निगम भिलाई**